
Issue 2 - February / फरवरी 2023

# कृषक सारथी

Monthly Newsletter of
KRISHAK BHARATI COOPERATIVE LIMITED


# UNION BUDGET

## Transforming Lives Enabling Growth




For Internal Circulation only

# Marketing Director Message



*Dear Cooperators',*

The first issue of KRIBHCO's monthly newsletter was released on January 31st 2023, by our Hon'ble Chairman. I appreciate everyone from the editorial team for making this issue a tremendous hit with readers.

I am happy to know that the current issue of Newsletter would be themed on Union Budget 2023. The Hon'ble Finance Minister Mrs. Nirmala Sitharaman announced the Union Budget for 2023–2024, allocating Rs.1.75 lakh Cr as fertilizer subsidies, saving Rs.50,000 Cr from the previous year's allocation; this has been made possible primarily by the lower costs of imported fertilizers and gas, as the global economy has absorbed the shock of the Russia-Ukraine conflict. She also lauded the goal of promoting natural farming and zero budget farming for a sustainable tomorrow. The development of farmers and rural India will greatly be aided by the budgetary provision of Rs.1.25 lakh Cr for the department of agriculture and farmer's welfare and Rs.2516 Cr for the computerization of 63,000 PACS.

This newsletter will always be a leading voice in sharing cooperative success stories, enhancing the knowledge base of our farmers and rural youth, and inspiring them to modernize farming practices.

I convey my best wishes to the editorial team of Krishak Saarathi for their future endeavors.

**VSR Prasad**
Marketing Director

# Editorial



It brings immense pleasure to me in bringing out the Second Issue of our monthly newsletter "KRIBHCO Saarathi" to you. This newsletter is a sincere effort by the editorial team of KRIBHCO Saarathi in bringing the rural and Farming community closer to KRIBHCO.

The cover theme for this issue is on the Union Budget 2023-24 as presented by Hon'ble Finance Minister. The Union Budget seeks to complement macro-economic level growth with a focus on micro-economic level all-inclusive welfare; this current issue on the Union Budget would be an interesting read for all the people from Cooperation, Agriculture and Rural development sector as well as for everyone concerned with the Agriculture.

There are news articles covering areas of Budget from Cooperation, Fertilizers and Agriculture. Besides that the regular feature of news updates from Cooperation Ministry and other relevant and important news also finds a place. The Monthly Agricultural Planner which we have started from the current issue focusing on the important agricultural activities for the month would be an important and informative feature for the readers.

I Hope that this issue turns out to be informative, educative and interesting to read. As we are in the early days of the launch of Monthly Newsletter, We seek your feedback for further improvements in the Monthly newsletter

Happy Reading!!!!!

**Dr. V K Tiwari**
Dy. GM (Mktg)


# Editorial Board

| | |
|---|---|
| **Sh. V S R Prasad, Mktg. Director** | Chairman |
| **Dr. V K Tiwari, DGM (Mktg)** | Chief Editor |
| **Sh. Sharvan Kumar, CM (Mktg)** | Member - FAS |
| **Sh. Ram Niwas, DM (Hindi)** | Member - Hindi |
| **Sh. Devisht Agrawal, DM (MS)** | Member – IT and Technical |
| **Sh. Nitesh Kumar Mishra, AM (Mktg)** | Editing, Design and Circulation |
| **Sh. Raj Babu Kumar, AM (Mktg)** | Member – Agriculture News Updates |
| **Sh. Rishav Arora, AM (MS)** | Member – Current Affairs |

## Over 20% YoY increase in export of Agricultural and Allied Products between two FYs 2020 & 2022

Export of agricultural and allied products has witnessed significant increase during the last few years. In 2019-20, the export of agricultural and allied products was valued at Rs 252400 crore which increased to Rs.310130 crore in 2020-21 (an increase of 22.87%) and touched an all-time peak of Rs.374611 crore during the last one year i.e. 2021-22 (an increase of 20.79%). Major Increase has been seen in the export of marine products, sugar, Non Basmati rice etc. The western region states of Gujarat and Maharashtra lead in export of agriculture and allied products followed by Andhra Pradesh and West Bengal in eastern region, Uttar Pradesh and Haryana in central/northern region and Karnataka and Kerala in Southern region.

*Source: PIB Delhi*






## India ranks first in milk production in the world contributing 24% of global milk production

According to production data of Food and Agriculture Organization Corporate Statistical Database (FAOSTAT), India is the highest milk producer i.e., rank first position in the world contributing twenty-four percent of global milk production in the year 2021-22.

The milk production of India has registered fifty-one percent increase during the last eight years i.e., during the year 2014-15 and 2021-22 and increased to twenty-two crore tonne in the year 2021-22.

This information was given by Shri Parshottam Rupala, Union Minister of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying in a written reply in Lok Sabha today.

*Source: PIB Delhi*

## Indian Railways Operated Over 2,350 Kisan Rail Services, Transported Nearly 7.9 lakh tonnes of perishables

Potential circuits for movement of Kisan Rail services have been identified in consultation with the Ministry of Agriculture & Farmers Welfare and Agriculture / Animal Husbandry/Fisheries Departments of State Governments as well as local bodies and agencies, Mandis," the minister added By linking production centres to markets and consumption hubs, the Kisan rail service aims to boost farm sector income. On August 7, 2020, the first Kisan Rail train between Devlali (Maharashtra) and Danapur (Bihar) was flagged off. According to Ashwini Vaishnaw, Minister of Railways, Indian railways have operated around 2,359 Kisan Rail services, transporting approx 7.9 lakh tonnes of perishables since the service's launch on 7 August 2020 until 31 January 2023.




## Revision of Budgetary allocation for fertilizer

The Indian government revised today its total spending on fertilizers down by over 20pc to 1.75 trillion rupees ($21bn) for 2023-24 following downwards trend in international fertilizer prices since the second half of last year. Fertiliser wise cut in the budget allocation are as follows:

| Fertilizer (Rs billion) | 2021-22 Actual | 2022-23 Initial Budget | 2022-23 Revised | 2023-24 Budget | % change 2023-24 Budget vs 2022-23 Revised |
|---|---|---|---|---|---|
| Urea | **1,009.76** | **632.068** | **1,540.82** | **1,310.83** | -15 |
| Imported P & K | 207.948 | 168 | 290.326 | 185 | -36 |
| Indigenous P & K | 319.315 | 252 | 420.897 | 255 | -39 |
| Total NBS | **527.7** | **420** | **711.222** | **440** | -38 |
| Total Subsidy | 1,537.58 | 1,052.22 | 2,252.22 | 1,751.03 | -22 |

*Source: Argus Direct*

# Budget-2023-24 from the eye of Farmers for Farming & Rural Development

5th Budget under BJP-2.0 was presented by Union Finance minister Nirmala Sitharaman on 1st Feb 2023 which may lead India on to the path of development. Agriculture sector which has been the major employer for generation has always got a centre stage in every budget. The standalone budgetary allocation for ministry of Agriculture and farmers' welfare is Rs.1.25 Lakhs Crore. This includes a provision of Rs.60,000 Cr for PM Modi's ambitious scheme PM-KISAN. The Agriculture loan target for Animal Husbandry, dairy and fishery has been increased to Rs.20 Lakhs Crore.

By discontinuing the PM-GKAY which was started during the COVID-19 period, the food subsidy has been revised to Rs.1.97 Lakhs Crore from Rs.2.87 Lakhs Crore from the last budget. Further the Union government will provide a subsidy of Rs.15/Kg to state governments who decide to distribute pulses under PDS / ICDS / and PM Poshan Schemes. This will be a big boost to clear huge inventory of pulses procured by NAFED at minimum support price.

Fertilizer has been the second largest absorber of government subsidy. In the current budget, the allocation for fertilizer subsidy has been envisioned at Rs.1.75 Lakhs Crore as against Rs.2.25 Lakhs Crore for the year 2022-23, saving an amount of Rs.50,000 Cr. This has been estimated keeping in account the falling price of fertilizer in the international market and lauding for adoption of natural farming and zero budget farming.

The government has done a commendable job by creating Ministry of Cooperation under the leadership of Sh Amit Shah Ji. An outlay of Rs.2516 Cr has been announced for computerization of 63000 PACS which is an extremely encouraging step to boost the availability of institutional credit to the far rural farmers and help in setting up agri-startups in rural areas.

A combination of measures such as the Agriculture Accelerator Fund, creation of warehousing capacity, an outlay of Rs.2,200 Cr for horticulture, creation of cooperative societies, and a cluster-based PPP (Public-Private Partnerships) approach for long-staple cotton can help in modernizing Indian farms. Providing forward linkages and capacity, in partnership with the private sector, will be key to improving the proportion of the consumer rupee that the farmer is able to realize. This needs to be expanded to all crops.

Budgetary allocation for Department of Agriculture research and education is Rs.9,504 Cr up from Rs.8659 Cr in the year 2022-23. Though keeping in view the sudden climatic change R&D in agriculture needs a greater attention to ensure food availability against the climatic change.

The budget for the year 2023-24 suits all the right notes for Agritech, Foodtech, and the overall startup ecosystem in India. The focus on the development of vital infrastructure like railways and highways would help improve the logistics requirements of the Agri and industrial sectors. The particular focus on Green growth as well as on millet is welcome.

*Raj Babu Kumar*
*Asst. Manager (Mktg)*





## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में सहकारिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सहकार से समृद्धि के स्वप्न को पूरा करने की दिशा में लिए गए एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत आज केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) को कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा दी जाने वाली सेवाएं प्रदान करने हेतु समर्थ करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सहकारिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड के बीच नई दिल्ली में इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री श्री बी एल वर्मा, सहकारिता मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव, सहकारिता मंत्रालय, नाबार्ड और एनसीडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पैक्स सहकारिता की आत्मा हैं और इन्हें लगभग 20 सेवाओं के प्रदाता बनाकर बहुद्देश्यीय बनाने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़ग़ार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और कृषि विकास में पैक्स की भूमिका और योगदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने इस समझौते को सबके लिए विन-विन सिचुएशन बताते हुए कहा कि इससे सहकार से समृद्धि और सहकारिता को ग्रामीण विकास की रीढ़ बनाने का प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वप्न तो पूरा करने में मदद मिलेगी ही, साथ ही सहकारिता और किसान दोनों मज़बूत भी होंगे। श्री शाह ने कहा कि इससे सामान्य सेवा केन्द्रों (कॉमन सर्विस सेंटर - सीएससी) का कॉंसेप्ट देश की छोटी से छोटी इकाई तक बेहद सरलता से पहुंच सकेगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी किसी ना किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी है और इतने बड़े सेक्टर के विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अलग सहकारिता मंत्रालय बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र के सामने पैक्स को लाभप्रद बनाना सबसे बड़ी समस्या थी और आज पैक्स की कार्यप्रणाली में कई नए आयामों को जोड़कर एक नई शुरुआत हुई है।

श्री शाह ने बताया कि पैक्स अब जल वितरण, भंडारण, बैंक मित्र सहित 20 अलग-अलग गतिविधियां चला सकेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहला और महत्वपूर्ण कार्य कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं को पैक्स के माध्यम से ग्रामीण आबादी को उपलब्ध कराना है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस वर्ष के बजट में सहकारिता क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में अगले 5 साल में 2 लाख पैक्स बनाने और हर पंचायत में एक बहुद्देश्यीय पैक्स की रचना का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बजट में सहकारिता क्षेत्र के लिए विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की नींव भी रखी गई है। श्री शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने का काम लगभग 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इसके अलावा सभी स्टेकहोलडर्स के साथ चर्चा करके मॉडल बाई-लॉज़ बनाकर सभी राज्यों को भेजे गए हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज हुए इस समझौते के अंतर्गत पैक्स अब सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम तो होंगी ही, इसके साथ ही पैक्स के 13 करोड़ किसान सदस्यों सहित ग्रामीण आबादी को पैक्स के माध्यम से 300 से भी अधिक सीएससी सेवाएं भी उपलब्ध हो पाएंगी। इसके अलावा इससे पैक्स की व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और उन्हें आत्मनिर्भर आर्थिक संस्था बनने में मदद मिलेगी। श्री शाह ने कहा कि इस पहल से पैक्स, सीएससी योजना के डिजिटल सेवा पोर्टल पर सूचीबद्ध सभी सेवाएं नागरिकों को प्रदान करने में सक्षम होंगी, जिनमें बैंकिंग, इंश्योरेंस, आधार नामांकन / अपडेट, कानूनी सेवाएं, कृषि-इनपुट जैसे कृषि उपकरण, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी, रेल, बस व विमान टिकट सम्बन्धी सेवाएँ, आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही पैक्स कम्प्यूटरीकरण की केंद्र प्रायोजित परियोजना के तहत विकसित किये जा रहे राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर का उपयोग पैक्स को सीएससी के रूप में कार्य करने के लिए भी किया जाएगा, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

*Source - PIB Delhi*



# फसलोत्पादनः

## गेहूँ:

1. बोआई के समय के हिसाब से गेहूँ में चौथी सिंचाई बोआई के 80-85 दिन बाद बाली निकलने के समय करें।
2. गेहूँ के खेत में चूहों का प्रकोप होने 0.005% ब्रामेडिलोन का प्रयोग करें। चूहों की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास अधिक सफल होगा।
3. खेत में यदि कण्डुवा रोग से ग्रस्त बाली दिखाई दे तो उसे निकाल कर जला दें।

## जौः

1. जौ मैं तीन सिंचाई उपलब्ध हो तो तीसरी सिंचाई दूधिया अवस्था में बुवाई के 95-100 दिन बाद करें।
2. जौ की खेत में यदि कण्डुवा रोग से ग्रस्त बाली दिखाई दे तो उसे निकाल कर जला दें।

## चनाः

1. चने की फसल में झुलसा रोग की रोकथाम के लिए जीरम 90 प्रतिशत 2 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
2. चने की फसल को फली छेदक कीट से बचाव के लिए फली बनना शुरु होते ही बैसिलस युरिनजिएन्सिस (बी.टी.) 1.0 किग्रा अथवा फेनवैलरेट 20 प्रतिशत ई.सी. 1.0 लीटर अथवा क्यूनालफास 25 प्रतिशत ई.सी. 2.0 लीटर प्रति हेक्टेयर 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

## मटरः

1. मटर में बुकनी रोग (पाउडरी मिल्ड्यू) रोग की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टेयर 2.0 किग्रा घुलनशील सल्फर या कार्बेन्डजिम 500 ग्राम या ट्राईडोमार्फ 80 ई.सी. 500 मिलीलीटर की दर से 12-14 दिन के अन्तराल पर दो छिड़काव करें।

## राईः

1. महु कीट की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टेयर मिथाइल-ओ- डिमेटान 25 ई.सी. 1.00 लीटर या मैलाथियान 50 ई.सी. 1.50 लीटर का प्रयोग करना चाहिए।

## मक्काः

1. रबी मक्का में तीसरी सिंचाई, बोआई के 75-80 दिन पर तथा चौथी सिंचाई 105-110 दिन बाद कर दें।
2. बसन्तकालिन मक्का की बोआई पूरे माह की जा सकती है।
3. मक्का की बोआई के लिए संकर प्रजातियों 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर व संकुल प्रजातियों के लिए 20 से 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बीज की आवश्यकता होती है।
4. मक्का में प्रति हेक्टेयर 120 किलोग्राम नाइट्रोजन, 60 किलोग्राम फॉस्फेट या फॉस्फोरस तथा 40 किलोग्राम पोटास में से नाइट्रोजन की तिहाई मात्रा व फॉस्फेट एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के समय प्रयोग करना चाहिए।

## गन्नाः

1. बसन्तकालीन गन्ने की बोआई देर से काटे गये धान वाले खेत में और तोरियां / मटर / आलू की फसल से खाली हुए खेत में की जा सकती हैं।
2. गन्ना का बीज जिस खेत से लेना हो तो 2 सप्ताह पूर्व उसकी सिंचाई कर दें।
3. उपचारित बीज की बुवाई 75 से 90 सेंटीमीटर की दूरी पर, कतारों में 10 सेंटीमीटर की गहराई में करना चाहिए।
4. उर्वरकों को का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करें यदि परीक्षण की सुविधा उपलब्ध ना हो तो बोवाई से पूर्व प्रति हेक्टेयर 60 से 75 किलोग्राम नाइट्रोजन, 80 किलोग्राम फास्फोरस, और 60 किलोग्राम पोटाश का प्रयोग करना चाहिए।
5. फसल को दीमक व अंकुर बेधक कीट से बचाने के लिए ब्रामेडिलोन तथा कोरोजन का प्रयोग करें।
6. गन्ने की पेड़ी से अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है की खेत से खरपतवार निकाल दे और सिंचाई करें तथा मिट्टी में ओट आने पर 90 किलोग्राम नाइट्रोजन की पहली टॉप ड्रेसिंग करें और कल्टीवेटर से गुड़ाई करके उर्वरक को मिट्टी में मिला दें।

## हरा चाराः

1. बरसीम में कटाई 20 से 25 दिन के अंतराल पर करें।
2. बरसीम व जई में 20 से 25 दिन के अंतराल पर सिंचाई करनी चाहिए।
3. गर्मी में चारे के लिए मक्का, चरी और लोबिया की बोआई माह के दूसरे पखवाड़े से प्रारम्भ की जा सकती है।

# सब्जियों की खेतीः



1. आलू और टमाटर की फसल को झुलसा रोग से बचाने के लिए मैंकोजेब 1.0 किग्रा 75 प्रतिशत हेक्टेयर 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
2. प्याज में प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन की सम्पूर्ण 100 किग्रा मात्रा का 1/3 भाग (72 किग्रा यूरिया) रोपाई चाई के 30 दिन बाद सिंचाई कर टॉप ड्रेसिंग करें।
3. प्याज को पर्पिल ब्लाच से बचाने के लिए 0.2 प्रतिशत मैंकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू. पी. और यदि थ्रिप्स कीट लगे हों तो 0.6 मिलीलीटर फास्फेमिडान 40 प्रतिशत एस. एल. प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
4. फ्रेंचबीन (राजमा) में फलिया बनते समय दूसरी सिंचाई कर दें फिर आवश्यकतानुसार भूमि में नमी की मात्रा कम होने पर हल्की सिंचाई करनी चाहिए।
5. सब्जियों के लिए खेत तैयार करते समय प्रति हेक्टेयर 250 से 300 कुंटल प्रति हेक्टेयर गोबर या कंपोस्ट खाद खेत डालकर मिला देना चाहिए।
6. लोबिया की अच्छी फसल के लिए 40 किलोग्राम नाइट्रोजन, 50 से 60 किलोग्राम फास्फोरस और 50 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर खेत में डालना चाहिए, नाइट्रोजन आधी मात्रा तथा फास्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा बीज बोने से पहले या बुवाई के समय खेत में डाल देनी चाहिए।
7. लोबिया की बोआई के लिए इस समय पूसा दो फसली, लोबिया 263 व पूसा फागुनी उपयुक्त किस्में हैं।
8. बोआई से पूर्व भिण्डी के बीज को 24 घण्टे पानी में भिगो देना चाहिए।



# बागवानी:

फल वृक्षों में उर्वरक देने के लिए जमीन में 10-15 सेंटीमीटर तक उर्वरक मिलाकर सिंचाई कर दें।

1. सिंचाई की सुविधा होने पर आम, अमरूद, आंवला, कटहल, लीची व पपीता के बाग का रोपण करे।
2. अमरूद एवं आंवला के नए बाग में अंतरासस्य (इंटरक्रॉपिंग) के रूप में टमाटर, भिंडी, मिर्ची और लोबिया की बुवाई करे।
3. आम में पाउडरी मिल्ड्यू रोग से बचाव के लिए माह के प्रथम पक्ष में छुलनशील गन्धक 80 प्रतिशत डब्लू. पी. 0.2 प्रतिशत (2 ग्राम 1 लीटर पानी में घोलकर) घोल का छिड़काव करें। द्वितीय पक्ष में कैराथेन या कैलिक्सिन 1 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
4. आम में भुनगा कीट के रोकथाम के लिए मोनोक्रोटोफास 1.5 मिलीलीटर या ईमिड़ाक्लोप्रिड 1.0 मिली. प्रति 3 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

# पुष्प व सुगन्ध पौधे:



1. गुलाब में सूखे फलों व आवश्यक अंकुर को तोड़ दें।
2. ग्लेडियोलस की मुरझाई टहानियों को निकाल दें तथा स्पाइक का फैलाव करना चाहिए।
3. गुलदाउदी के सकर्स को अलग करके गमलों में लगा दें।
4. गर्मी के फूलों जैसे जीनिया, सनफ्लावर, पोर्चुलाका व कोचिया के बीजों को नर्सरी में बोयें।
5. मेंथा में 10-12 दिन के अन्तराल पर सिंचाई करें तथा बोआई के 30 दिन बाद निराई-गुड़ाई कर दें।



# पशुपालन / दुग्ध विकास:

1. पशुओं को निर्धारित मात्रा में दाना तथा मिनरल मिक्स्चर अवश्य दें।
2. खुरपका-मुंहपका का टीका यदि अभी तक ना लगवाया हो तो अवश्य लगवाएं।
3. बरसीम भूसे के साथ मिलाकर दें।
4. पशुओं को ठंड से बचायें तथा ताजा एवं स्वच्छ पानी पीने को दें।

**पशुओं के आहार तैयार करने से पहले ध्यान रखने योग्य कुछ मुख्य बातें:**

1. आहार में सभी पोषक तत्व उचित मात्रा में होने चाहिए।
2. आहार होने के साथ-साथ पशु को संतुष्टि प्रदान करने वाला भी होना चाहिए।
3. थोड़ा भारीपन (स्थूल) भी होना चाहिए।
4. आहार संतुलित हो लेकिन विषैला नहीं होना चाहिए।
5. सस्ता, ताजा तथा पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन युक्त होना चाहिए।
6. उचित समय अंतराल पर दिन में केवल दो बार आहार देना चाहिए ताकि पाचन क्रिया ठीक रहे।
7. हरे चारे को साल भर देने का प्रयास करना चाहिए।
8. पुआल को भिगोंकर ही देना चाहिए, इसके अलावा दाना को हमेशा पानी में फुलाकर ही खिलाना चाहिए जिससे उसकी पौष्टिकता बढ़ जाती है।
9. बछड़े, गाय, गर्भवती गाय, भार वहन करने वाले बैल, सांड, सुखी गर्भवती गाय तथा बढ़ने वाले पशुओं को दिए जाने वाले आहार अलग-अलग प्रकार के होते हैं।

**पशु को आहार देने के कुछ मूल नियम:**

1. पशु का आहार दिन में दो बार 8-10 घंटे के अंतराल पर चारा-पानी देना चाहिए।
2. इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है एवं बीच में जुगाली करने का समय भी मिल जाता है।
3. पशु का आहार सस्ता, साफ़, स्वादिष्ट एवं पाचक हो। चारे में 1/3 भाग हरा चारा एवं 2/3 भाग सूखा चारा होना चाहिए।
4. पशु को जो आहार दिया जाए उसमें विभिन्न प्रकार के चारे-दाने मिले हों।
5. चारे में सूखा एवं सख्त डंठल नहीं हो बल्कि अच्छी भांति काटा हुआ एवं मुलायम होना चाहिए। इसी प्रकार जौ, चना, मटर, मक्का इत्यादि दली हुई हो तथा इसे पका कर या भिंगो कर एवं फुला कर देना चाहिए।
6. दाने को अचानक नहीं बदलना चाहिए बल्कि इसे धीरे-धीरे एवं थोड़ा-थोड़ा कर बदलना चाहिए।
7. पशु को उसकी आवश्कतानुसार ही आहार देना चाहिए| कम या ज्यादा नहीं।
8. नांद एकदम साफ होनी चाहिए, नया चारा डालने से पूर्व पहले का जूठन साफ़ कर लेना चाहिए।
9. गायों को 2-2.5 किलोग्राम शुष्क पदार्थ एवं भैंसों को 3.0 किलोग्राम प्रति 100 किलोग्राम वजन भार के हिसाब से देना चाहिए।

